मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–14, अंक–6, जून 2014

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

# नया बजट नई उम्मीदें

हमारा देश विकास की असीमित संभावनाओं का देश है। लोकतांत्रिक मूल्यों पर आस्था, शांतिप्रियता और सामाजिक सद्भाव भारत की आत्मा का हिस्सा हैं। भारत की आबादी का सबसे बड़ा हिस्सा युवाओं का है, जिनमें मेहनत करने और आगे बढ़ने की क्षमता भी है और लगन भी है। इसीलिये पूरी दुनिया भारत को 21वीं सदी में सबसे तेजी से विकास करने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देख रही है। भारत ने भी विकास की संभावनाओं को संभव बनाते हुये तेजी से अपने क़दम आगे बढ़ाये और इस सदी का पहला दशक तेज विकास, बेहतर उम्मीदों और उल्लेखनीय उपलब्धियों से भरा हुआ रहा।

परंतु पिछले कुछ वर्षों में विकास की रफ्तार सुस्त पड़ गई है। भारत ने विकास के कई अवसर गँवाये और कभी मौद्रिक अस्थिरता के कारण तो कभी विदेशी निवेशों में भारी कटौती की वजह से भारत की अर्थव्यवस्था भी अपनी चमक खोती जा रही है। जानकारों का मानना है कि पिछली सरकार द्वारा कई जरूरी आर्थिक और नीतिगत फैसलों में हुई देरी की वजह से ही भारत को धीमी विकास दर का सामना करना पड़ा है। ऐसे में पूर्ण बहुमत से चुनी गई नई सरकार से लोगों को काफी उम्मीदें हैं। वर्तमान सरकार के पहले बजट को लोग आशा के साथ देख रहे हैं।

कामधेनु इस्पात लि0 भारत के निर्माण उद्योग का एक प्रतिष्ठित नाम है। विकास की राह पर अग्रसर भारत के तीव्र शहरीकरण और आधुनिकीकरण की जरूरत के मद्देनज़र उच्च गुणवत्ता की विश्वस्तरीय निर्माण सामग्री को भारतीय बाज़ार में उपलब्ध कराते हुए कंपनी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई है। कामधेनु इस्पात लि0 के सीएमडी श्री सतीश अग्रवाल भारतीय निर्माण क्षेत्र की व्यावसायिक बारीकियों की ठोस समझ रखने वाले सम्मानित विशेषज्ञ हैं। उनकी राय में, ''नये बज़ट में ऐसे कई ठोस निर्णय होने चाहिये जिनसे निर्माण क्षेत्र मंदी के दौर से उबर सकने में सफल हो सके।''

अपनी बात को स्पष्ट करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा, ''विगत दो वर्षों से भारतीय कंस्ट्रक्शन सेक्टर में निराशा का दौर है। एक ओर ढाँचागत विकास की रफ्तार रूक सी गई है, वहीं मँहगाई की वज़ह से मध्य वर्ग के डिस्पोज़ेबल इन्कम में भी कमी आई है जिससे रियल्टी सेक्टर को चोट पहुँची है। निर्माण क्षेत्र में निवेश घटा है, साथ ही डॉलर की कीमत में उछाल एवं कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से सजावटी पेंट व अन्य आयात की जाने वाली वस्तुओं की कीमत भी बढ़ी है। इन सबका असर पूरे सेक्टर पर पड़ा है।''

भारत के निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक कामधेनु इस्पात लि0 इस प्रतिकूल आर्थिक परिस्थिति में भी काफी अच्छा विकास दर पाने में सफल रही है। कंपनी को लगातार विकास की राह पर ले लाने में सफल रहे सीएमडी श्री अग्रवाल का मानना है कि, ''नई सरकार द्वारा वित्तीय घाटे को कम करने के प्रयास के दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। इससे जहाँ एक ओर सरकार ढाँचागत विकास के लिये संसाधन बचा पाने में सक्षम होगी, वहीं अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों का भरोसा भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ेगा। जिससे एक बार फिर से निर्माण सेक्टर में तेजी आयेगी। आयकर में छूट और मँहगाई पर नियंत्रण जैसे क़दमों से रियल्टी सेक्टर की चमक भी लौटाई जा सकती है। आयात कर में छूट देकर अगर सरकार पेंट सेक्टर को मज़बूती देती है तो इससे आवासीय लागत को कम करने में सफलता मिल सकती है। कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित करने से इस्पात उद्योग को भी सहारा मिलेगा।''

नए बज़ट को लेकर नई उम्मीदें बँधी है और श्री अग्रवाल का मानना है कि आने वाले समय में तेज निर्माण का वातावरण बनने की वज़ह से बाज़ार में निर्माण उत्पादों की माँग में काफी तेजी आने वाली है और यह समय इस अवसर के लिये तैयार रहने का है। अगर ऐसा सच में हुआ तो बेशक भारतीय निर्माण क्षेत्र के अच्छे दिन फिर लौट आयेंगे।





# इराक़ में बिगड़ते हालात

दशकों तक सद्दाम हुसैन के तानाशाही चंगुल में क़ैद रहने के बाद इराक़ को मिली लोकतांत्रिक पहचान अब फिर से आतंकवादी हमले से थर्रा रही है। बग़दाद को छोड़कर इराक़ के ज्यादातर शहर, सरकार विरोधी आतंकवादी हमलावरों के कब्ज़े में आ गई है और वहाँ के निवासी या तो शहर छोड़कर पलायन कर रहे हैं या दोतरफा हो रही भारी गोलीबारी में फँस गये हैं। इराक़ में रह रहे विदेशी नागरिक भी इराक़–संकट का शिकार हो गये हैं।

खाड़ी युद्ध में हज़ारों सैनिकों को गँवा चुका अमेरिका अब इराक़ मामले में पूर्ण सैनिक दखलअंदाजी करने से कतरा रहा है। और सद्दाम के पतन के बाद पूरी इराक़ी सेना के बरखास्तगी के बाद पुर्नगठित की गई नई सेना को अनुभव की कमी के कारण आतंकी हमलावरों से निपटने में खासी परेशानी हो रही है। वहीं मौजूदा लोकतांत्रिक सरकार पर बहुसंख्यक शिया समुदाय का पक्ष लेने और सुन्नी समुदाय के लोगों की अनदेखी करने के आरोप लगते रहने के कारण आतंकी हमलावरों को इराक़ के सुन्नी समुदाय का समर्थन मिल रहा है। दूसरी ओर लंबी लड़ाई के मद्देनज़र इराक़ी सेना में बड़े पैमाने पर भर्ती की जा रही है। ऐसे में इराक़ संकट के और भी गहराने का खतरा है।

इराक़ में पैदा हुये गृह–युद्ध के हालात से अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है और पहले से ही मंदी से गुज़र रही वैश्विक अर्थव्यवस्था को बड़ा आघात पहुँचा है। भारत मे भी तेल की बढ़ रही कीमतों की वजह से बढ़ती मँहगााई का सामना करना मुश्किल पड़ रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय इराक़ में शांति और स्थयित्व बहाल करने की दिशा में ठोस क़दम उठाये।

# प्रधानमंत्री की भूटान यात्रा

भारत के प्रधानमंत्री के रूप में श्री नरेन्द्र मोदी की भूटान यात्रा के कई दूरगामी अर्थ निकले हैं। श्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी पहली विदेश यात्रा पर भूटान जा कर यह साफ संकेत दिया है कि वर्तमान सरकार की विदेश नीति में पड़ोसी देशों को प्राथमिकता मिल रही है। भूटान परंपरागत तौर से भारत का मित्र देश रहा है। चीन के प्रभाव और प्रयास के बावजूद भूटान की जनता भारत के प्रति प्रेम की भावना रखती है। वर्तमान लोकतांत्रिक सरकार हो या कुछ वर्ष पहले तक भूटान पर शासन करने वाले भूटान नरेश; भारत के साथ भूटान के राजनयिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संबंध हमेशा से अच्छे रहे हैं।

इस बार भी हमें देखने को मिला कि श्री मोदी की भूटान यात्रा से कई दिन पूर्व से ही थिम्पू और भूटान भर में जगह–जगह उनके स्वागत के पोस्टर और होर्डिंग लग गये थे और वहाँ का जन–समुदाय काफी उत्साहित था। श्री मोदी ने भी अपनी भूटान यात्रा के दौरान इसी परंपरागत अच्छे रिश्ते को और भी अधिक मज़बूती देने की बात कही।

असम और भूटान की सीमा पर बेहतर निगरानी के लिये सहमति बनाकर और भूटान की जमीन पर ठिकाना बना कर भारत विरोधी कारवाई करने वाले चरमपंथियों को पकड़ने के लिये रोड मैप तैयार कर भारत उत्तर पूर्वी राज्यों में कई अलगाववादी ताक़तों का जवाब दे सकता है। यह सच है कि मज़बूत भूटान की कल्पना बिना मज़बूत भारत के नहीं की जा सकती है। और इसीलिये भारत को कमजोर करने वाली शक्तियों के प्रति ''ज़ीरो टालरेंस'' दिखा कर भूटान न सिर्फ भारत का बल्कि खुद का भी भला करेगा। श्री मोदी की यह यात्रा भूटान के साथ पारस्परिक संबंधों को बेहतर बनाते हुए सुरक्षित भारत की ओर उठाया गया एक महत्वपूर्ण क़दम है।






# उदयपुर में मची कामधेनु की धूम

कामधेनु इस्पात लि0 आज भारत में निर्माण क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में शामिल है। कामधेनु उत्पादों को आज देश भर में भरोसे और उच्च गुणवत्ता के लिये जाना जाता है। उपभोक्ताओं के इसी भरोसे की वजह से देश के कोने–कोने में कामधेनु उत्पादों की मॉग तेजी से बढ़ रही है। फलस्वरूप कामधेनु इस्पात लि0 आज भारत में टीएमटी सरियों की सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक है जिसका डीलर नेटवर्क देश के कोने–कोने तक फैला है।

राजस्थान में कामधेनु उत्पादों की लोकप्रियता काफी अधिक है। राज्य के कामधेनु डीलरों को कंपनी की लोकप्रियता और कामधेनु ब्राण्ड की स्वीकार्यता का लाभ भी मिल रहा है। राजस्थान के बाज़ार में अपनी उपस्थिति को और भी अधिक मज़बूती देने के लिये कंपनी का मार्केटिंग डिवीजन लगातार डीलरों के साथ बैठकों का आयोजन करता रहता है।

राजस्थान के डीलरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 14 जून को उदयपुर के होटल रैडिसन में राज्य भर के डीलरों के एक बड़े डीलर मीट का शानदार आयोजन हुआ जिसमें राजस्थान के 120 से अधिक डीलरों ने हिस्सा लिया। इस डीलर मीट में कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं सीनियर जी एम मार्केटिंग श्री दिलीप मेहरा शामिल हुये। राज्य में लाइसेंस के तहत कामधेनु टीएमटी सरियों की निर्माता कंपनी रघुवीर मेटल इंडस्ट्रीज के निदेशक श्री राजकुमार पोखरना, श्री अनिल पोखरना, श्री पुष्पेन्द्र पोखरना एवं श्री सुनील पोखरना भी इस आयोजन में उपस्थित हुये।

राज्य में कामधेनु को लगातार मिल रही सफलता का श्रेय डीलरों देते हुये कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने अपने भाषण के दौरान कहा, ''आप सभी डीलरों की कड़ी मेहनत ने कामधेनु को आज इस ऊँचाई तक पहुँचाया है। पर हमें यह नहीं भूलना चाहिये कि सबसे आगे रहने के लिये हमें लगातार आगे बढ़ते रहना है। आपमें वह क्षमता है कि आप सबसे आगे जा सकते हैं। कंपनी को आपकी क्षमता पर पूरा भरोसा है और इसीलिये हम आपको बाज़ार पर छा जाने के लिये पूरी सहायता करेंगे।''

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डीलरों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच श्री सुनील अग्रवाल ने अपनी बात को रखते हुये कहा, ''राजस्थान की धरती वीरों की भूमि है यहाँ के लोग अपनी बात की आन के लिये जी–जान लगा देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है आप जो भी लक्ष्य बनायेंगे और जो भी वादा करेंगे पूरी ताक़त से उसे पाने के लिये काम करेंगे।''

सीनियर जी एम मार्केटिंग श्री दिलीप मेहरा ने डीलरों के साथ नई बाज़ार रणनीतियों पर चर्चा करते हुये उन्हें चालू वित्तवर्ष के नये लक्ष्य के बारे में बताया। कंपनी की ओर से डीलरों को लक्ष्य पाने की दिशा में सभी जरूरी मदद देने का भी भरोसा दिया गया। पिछले वित्तवर्ष में सर्वाधिक लक्ष्य पाने में सफल रहे डीलरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान लकी ड्रॉ निकाल कर सभी उपस्थित डीलरों को उपहार भी दिये गये।

## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

श्री आनन्द
**मैसर्स श्री स्टील एण्ड हार्डवेयर**
सर्वे नं. 74/11, जेड काकूमुद्दी जेलडेम,
नजदीक नया पेट्रोल पम्प,
बाल्डजोन सर्विस स्टेशन, क्यूपेम–कुरकोरेम रोड, गोआ
मो. – 09822320993, 095522639992

श्री गौतम तिकारे
**मैसर्स तिकारे स्टोन सप्लाई कंपनी**
नजदीक सीएसआई कॉलेज,
नेक्स्ट टू एचडीएफसी बैंक,
धारवाड़, कर्नाटका
मो. – 09448148345

श्री मोहन गोयल
**मैसर्स मेट्रो सेल्स**
ए–19, देवली रोड, खानपुर
नई दिल्ली–110062
मो. – 9811116488

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2012-14
Production Date: 26.06.2014



# कामधेनु ने बढ़ाई रायपुर की रौनक









टीएमटी सरियों के सबसे बड़ी निर्माता कंपनियों में से एक, कामधेनु इस्पात लि0 के उत्पाद आज देश भर में भरोसेमंद निर्माण की पहली पसंद बन चुके हैं। बाज़ार की जरूरत को ध्यान में रख कर कंपनी बेहतरीन गुणवत्ता के विश्वस्तरीय उत्पादों को उपलब्ध कराते हुये उपभोक्ताओं का भरोसा जीतने में सफल रही है। आज कामधेनु इस्पात लि0 के विभिन्न उत्पादों की मॉग देश के कोने–कोने में है और देश भर में फैला हुआ कंपनी का मज़बूत डीलर नेटवर्क बहुत ही कुशलता और सफलता के साथ उपभोक्ताओं को सेवायें दे रहा है।

कामधेनु इस्पात लि0 बेहतरीन व्यावसायिक सिद्धांतों का पालन करते हुये अपने सभी डीलरों को ब्राण्ड कामधेनु की सफलता का सच्चा भागीदार मानती है। कंपनी समय–समय पर डीलरों के लिये लाभकारी योजनायें लाती रहती है और अच्छा परिणाम देने वाले डीलरों को पुरस्कृत और प्रोत्साहित करती रहती है। डीलरों के साथ सीधे संवाद स्थापित करने के मक़सद से कंपनी के निदेशक और उच्च अधिकारी भी विभिन्न राज्यों में आयोजित डीलर मीट में शिरकत करते हैं।

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के होटल द गेटवे में 31 मई को आयोजित शानदार डीलर मीट में भी कंपनी के उच्च अधिकारियों और डीलरों के बीच एक ऐसा ही सीधा संवाद स्थापित हुआ। कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल एवं जी एम मार्केटिंग श्री सुशील चौधरी की उपस्थिति में सपन्न हुए इस विशाल आयोजन में 250 से अधिक डीलरों व डिस्ट्रीब्यूटरों ने हिस्सा लिया; जिनमें छत्तीसगढ़ के हर क्षेत्र से आये डीलरों के साथ–साथ मध्य प्रदेश व महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों के डीलर भी शामिल थे।

राज्य में लाइसेंस के तहत कामधेनु टीएमटी सरियों की निर्माता कंपनी लिंगराज स्टील एंड पावर प्रा0 लि0 के निदेशक श्री सिद्धेश्वर प्रसाद अग्रवाल, श्री गणेश अग्रवाल एवं श्री सरेश गोयल भी इस कार्यक्रम में उपस्थित हुये।

तीनों राज्यों में कामधेनु को मिल रही सफलता पर डीलरों को बधाई देते हुये कामधेनु इस्पात लि0 के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, "कामधेनु ब्राण्ड पर उपभोक्ताओं का भरोसा हमारी सबसे बड़ी शक्ति और सबसे अनमोल संपत्ति है, जिसकी हमें और आप को हर कीमत पर रक्षा करनी है। इसीलिये कंपनी ने गुणवत्ता और बेहतर सेवा को हमेशा ही सबसे महत्वपूर्ण माना है। आप सभी डीलर अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवायें देने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे ऐसा मेरा पूर्ण विश्वास है।"

कंपनी के जी एम मार्केटिंग श्री सुशील चौधरी ने डीलरों को नई बाज़ार रणनीतियों की जानकारी दी और उन्हें नये लक्ष्य के बारे में बताया और इस लक्ष्य पाने के लिये कंपनी की ओर से हर प्रकार की जरूरी मदद देने का डीलरों को भरोसा दिया। दोपहर बाद श्री विवेकानंद विवेक द्वारा एक प्रेरणदायी सत्र की प्रस्तुति हुई जिसमें भाग लेकर सभी लोग नई ऊर्जा से भर गये। कार्यक्रम के दौरान कुछ मनोरंजक प्रस्तुतियों भी हुई, साथ ही पिछले वित्तवर्ष में सर्वाधिक लक्ष्य पाने में सफल रहे डीलरों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डीलर मीट के दौरान लकी ड्रॉ निकाल कर सभी उपस्थित डीलरों को उपहार भी दिये गये।




Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com